www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com
a2zsubjects.com

# विषय : पुस्तपालन एवं लेखाकर्म **Set-A**

**निर्देश :** (i) सभी प्रश्नों को हल कीजिए।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 में दो खण्ड हैं। खण्ड (अ) बहुविकल्पीय प्रश्न तथा खण्ड (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक आबंटित है।

(iii) प्रश्न क्रमांक 2 से 9 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 30 शब्द है)

(iv) प्रश्न क्रमांक 10 से 15 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित हैं। (सैद्धांतिक उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 50 शब्द है)

(v) प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में एक आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं। (सैद्धांतिक उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 75 शब्द है)

(vi) प्रश्न क्रमांक 22 से 25 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में एक आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित हैं।

(vii) प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में एक आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित हैं।

1. **(खण्ड-अ)** सही विकल्प चुनकर लिखिए :

(i) **मूल्यह्रास की उत्पत्ति का कारण है :**

**(अ) उच्चावचन** **(ब) अप्रचलन**

**(स) अवशिष्ट मूल्य** **(द) अंतिम मूल्य**

(ii) मूल लागत पद्धति को कहते हैं :

(अ) क्रमागत ह्रास पद्धति (ब) स्थायी किस्त पद्धति

(स) वार्षिक वृत्ति पद्धति (द) वार्षिक मूल्यांकन पद्धति

(iii) आय-व्यय खाता है :

(अ) व्यक्तिगत खाता (ब) वास्तविक खाता

(स) नाममात्र खाता (द) इनमें से कोई नहीं

(iv) साझेदारी समझौते के अभाव में पूँजी पर ब्याज दिया जाता है :

(अ) 10% वार्षिक (ब) किसी भी दर से नहीं

(स) 9% वार्षिक (द) 6% वार्षिक

(v) अंश आबंटन करने पर समाकलित किया जाने वाला लेखा होगा :

(अ) बैंक लेखा (ब) अंश आवेदन लेखा

(स) अंश आबंटन लेखा (द) अंश पूँजी लेखा

(खण्ड-ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए ;

(i) मूल्यह्रास केवल ________ संपत्तियों पर लगाया जाता है।

(ii) प्राप्ति-भुगतान खाते में केवल ________ मदों को लिखा जाता है।

(iii) साझेदारी का जन्म ________ से होता है।

(iv) अंश आवेदन खाता एक ________ खाता है।

(v) किसी भी अंश की याचना राशि अंश के अंकित मूल्य के ________ प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए।

2. प्रेषित माल का लागत मूल्य 40,000 रु है। इस मूल्य में लागत का $\frac{1}{5}$ भाग लाभ के रूप में शामिल किया जाता है, तो प्रेषित माल का बीजक मूल्य क्या होगा?

3. श्री प्रकाश ब्रास स्टोर्स, रायपुर ने रायगढ़ के श्री महेश स्टोर्स को 500 टिफिन बॉक्स 50 रु. प्रति टिफिन बॉक्स की दर से प्रेषण पर भेजे। यह मूल्य लागत मूल्य से 15 रु. प्रति टिफिन अधिक था। प्रेषणी को बीजक मूल्य की बिक्री पर 5% तथा उससे अधिक मूल्य की बिक्री पर 20% कमीशन प्राप्त करने का अधिकार है। उसने 400 टिफिन 60 रु प्रति टिफिन की दर से बेच दिए। श्री महेश स्टोर्स को प्राप्त होने वाले कमीशन की गणना कीजिए।

4. असामान्य हानि क्या है?

5. प्राप्ति एवं भुगतान खातों में किन मदों को दर्शाया जाता है?

6. आय-व्यय खाता में किन मदों को दर्शाया जाता है?

7. कोई साझेदार कब निवृत्त होता है?

8. सह-साहसियों से आप क्या समझते हैं?

9. समता अंश से क्या आशय है?

10. मूल्यह्रास की उत्पत्ति के कोई **तीन** कारण बताइए।

11. एक क्लब से संबंधित निम्नलिखित विवरण उपलब्ध हैं :

प्राप्तियाँ : दान 20,000 रु., प्रवेश शुल्क 15,000 रु. भवन बेचा 25,000 रु.,

भुगतान : किराया 12,000 रु., छपाई एवं स्टेशनरी 15,000 रु., प्रतिभूतियों में विनियोग 20,000 रु., विभिन्न खर्चे 12,000 रु.।

31 मार्च, 2004 को समाप्त होने वाले वर्ष का प्राप्ति-भुगतान खाता बनाइए।

12. A, B और C **तीन** साझेदार हैं। उनके लाभ-हानि विभाजन का अनुपात $\frac{6}{14}:\frac{5}{14}:\frac{3}{14}$ है। उन्होंने D को नया साझेदार बनाने का निर्णय लिया तथा उसका हिस्सा $\frac{1}{8}$ निश्चित किया गया। पुराने साझेदारों का पुराना अनुपात कायम रहा। सभी साझेदारों का नया लाभ-हानि अनुपात बताइए।

a2zsubjects.com a2zsubjects.com
www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com
www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com

www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com
a2zsubjects.com

**13.** एक कंपनी ने प्रति 10 रु. वाले 15000 समता अंश जनता को निर्गमित किये। सम्पूर्ण राशि एकमुश्त प्राप्त हो गयी। कंपनी की पुस्तकों में पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए।

**14.** अंजु लिमिटेड ने एक भवन को 2,20,000 रु. में क्रय किया। क्रय मूल्य का भुगतान प्रति 100 रु. वाले 10% ऋणपत्र निर्गमित करके किया गया। कंपनी की पुस्तको में पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए।

**15.** सम्भाव्य दायित्व क्या हैं? सम्भाव्य दायित्व के **दो** उदाहरण दीजिए।

**16.** साझेदार की मृत्यु की दशा में उसके उत्तराधिकारी को देय रकम की गणना करते समय किन-किन बातों का ध्यान रखा जाना चाहिए?

**अथवा**

साझेदारी के समापन एवं फर्म के समापन में **चार** अंतर लिखिए।

**17.** संयुक्त साहस एवं प्रेषण में अंतर स्पष्ट कीजिए। (कोई **चार**)

**अथवा**

संयुक्त साहस व्यापार की बहियों में कौन-कौन से खाते खोले जाते हैं? क्निन्हीं दो को समझाइए।

**18.** X और Y ने मोटर के पुर्जे खरीदने एवं बेचने के लिए संयुक्त साहस के रूप में व्यापार में प्रवेश किया। लाभ एवं हानि का विभाजन 2 : 1 के अनुपात में होना तय हुआ। सह-साहसियों को उनके द्वारा किये गये विक्रयों पर 5% कमीशन पाने का अधिकार है। सह-साहसियों द्वारा किये गये लेनदेनों के निम्नांकित वितरणों से X की बहियों में संयक्त साहस खाता बनाइए :

| | X (रु.) | Y (रु.) |
|---|---|---|
| मोटर पुर्जों की खरीद | 15,000 | 10,000 |
| व्यय | 1,400 | 900 |
| विक्रय राशियाँ | 25,000 | 15,000 |
| स्कंध जिसे लिया गया | | 4,000 |

**अथवा**

उपर्युक्त प्रश्न के आधार पर X की बहियों में जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए।

**19.** एक संस्था ने 20,000 रु. मूल्य की मशीन क्रय की तथा इसकी स्थापना पर 2,000 रु. व्यय किये। इसका अवशिष्ट मूल्य 1,000 रु. है तथा इसकी कार्य-अवधि 10 वर्ष है। संस्था अपनी पुस्तकें प्रति वर्ष 31 दिसम्बर को बंद करती है। निम्नलिखित दशाओं में 31 दिसम्बर, 2007 को मशीन पर अपलिखित की जाने वाली ह्रास की राशि निकालिए :

(i) जब मशीन 1 जनवरी, 2007 को क्रय की गई हो।

(ii) जब मशीन 1 अक्टूबर, 2007 को क्रय की गई हो।

**अथवा**

a2zsubjects.com

[illegible]र्स ने 1 जनवरी, 2006 को एक मशीन 11,900 रु. में खरीदी तथा इसकी स्थापना पर 1,500 रु. व्यय किये। मशीन का अनुमानित जीवनकाल 5 वर्ष है। इसके बाद अवशिष्ट मूल्य 1,400 रु. अनुमानित है।

स्थायी प्रभाग पद्धति के अनुसार वार्षिक मूल्यह्रास की गणना कीजिए तथा प्रथम **तीन** वर्षों का मशीन खाता बनाइए।

**20.** अर्चना और बिंदिया एक फर्म में $\frac{3}{4} : \frac{1}{4}$ के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते हैं। उनका आर्थिक चिट्ठा 31 दिसम्बर 2007 को निम्नलिखित था :

| दायित्व | राशि (रु.) | संपत्तियाँ | राशि (रु.) |
|---|---|---|---|
| विविध लेनदार | 40,900 | बैंक में रोकड़ | 22,500 |
| पूँजी खाते : | | प्राप्य बिल | 3,000 |
| अर्चना | 30,000 | विविध देनदार | 16,000 |
| बिंदिया | 16,600 | रहतिया | 20,000 |
| | | भूमि एवं भवन | 25,000 |
| | | फर्नीचर | 1,000 |
| | **87,500** | | **87,500** |

1 जनवरी, 2008 को उन्होंने निम्नांकित शर्तों पर सुनीता को साझेदार बनाया :

(i) सुनीता $\frac{1}{5}$ हिस्सा प्राप्त करने के लिए 10,000 रु. पूँजी के रूप में लाएगी।

(ii) वह ख्याति के लिए 5,000 रु. देगी।

(iii) स्टॉक एवं फर्नीचर को 10% कम कीजिए तथा विविध देनदारों एवं प्राप्य बिलों पर 5% संदिग्ध ऋणों के लिए संचय कीजिए।

(iv) भूमि एवं भवन के मूल्य 20% बढ़ाइए।

उपर्युक्त लेखों से फर्म की पुस्तकों में पुनर्मूल्यांकन खाता बनाएँ।

**अथवा**

X, Y और Z साझेदार हैं। 31 मार्च, 2004 को उनका आर्थिक चिट्ठा निम्नलिखित था :

| दायित्व | | राशि (रु.) | संपत्तियाँ | राशि (रु.) |
|---|---|---|---|---|
| ऋणदाता (लेनदार) | | 3,000 | मशीनरी | 1,200 |
| पूँजी : | | | फर्नीचर | 400 |
| X- | 2,000 | | स्कंध | 2,650 |
| Y- | 1,750 | | ऋणी (देनदार) | 3,780 |
| Z- | 1,500 | 5,250 | रोकड़ | 220 |
| | | **8,250** | | **8,250** |

1 अप्रैल, 2004 को वे A को बराबर की साझेदारी में प्रवेश देने के लिए निम्न शर्तों पर सहमत होते हैं :

a2zsubjects.com
www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com
www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com

www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com
a2zsubjects.com

(i) वह 1,500 रु. ख्याति के लिए तथा 1,800 रु. पूँजी के लिए नकद लाएगा।

(ii) मशीनरी एवं फर्नीचर का मूल्य क्रमश : 950 रु. और 380 रु. आँका जाय।

(iii) स्कंध का मूल्य 450 रु. बढ़ाया जाय।

पुनर्मूल्यांकन खाता बनाइए।

21. बिक्री विवरण के **चार** लाभ बताइए।

**अथवा**

प्रेषण खाता एवं लाभ-हानि खाता में **चार** अंतर कीजिए।

22. राधे मोहन एण्ड कंपनी, ग्वालियर ने सूती वस्त्रों की 200 पेटियों को 800 रुपये प्रति पेटी के हिसाब से शर्मा एण्ड कंपनी, जबलपुर को प्रेषित किया। इस संबंध में प्रेषक ने 7,200 रुपये रेल किराया एवं बीमा व्यय किया। शर्मा एण्ड कंपनी ने 40,000 रुपये पेशगी के रूप में दिए। वर्ष के अंत में शर्मा एण्ड कंपनी से विवरण पत्र प्राप्त हुआ, जिसमें कुल विक्रय 1,88,000 रुपये, विक्रय व्यय 800 रुपये एवं कमीशन 10,000 रुपये हुए। शेष राशि चेक से प्राप्त हुई।

प्रेषक की पुस्तकों में प्रेषण खाता बनाइए।

**अथवा**

छिंदवाड़ा के मिथुन ने इंदौर के निकुंज को 60 पेटी माल 250 रु. प्रति पेटी लागत मूल्य पर प्रेषित किया और इस पर 360 रु. व्यय किये। निकुंज ने 30 रु. चुँगी एवं 90 रु. गाड़ी भाड़ा अदा कर माल प्राप्त किया। उसने 48 पेटी माल 300 रु. प्रति पेटी की दर से बेच दिया। प्रेषणी को कुल बिक्री पर 3% कमीशन पाने का अधिकार है।

मिथुन की पुस्तकों में प्रेषण खाता बनाइए।

23. A, B तथा C ने माल खरीदने एवं बेचने के लिए एक संयुक्त साहस की शुरूआत की। C ने 60,000 रु. A से तथा 60,000 रु. B से प्राप्त किये और 60,000 रु. स्वयं के लगाए। उसने 1,60,000 रु. का नकद माल खरीदा और 6,4[illegible] रु. खर्चे के चुकाये। उसने सारा माल 2,00,000 रु. में बेच दिया। लाभ-हानि का विभाजन समान अनुपात में किया जाता है।

C की पुस्तकों में संयुक्त साहस खाता बनाइए।

**अथवा**

उपर्युक्त प्रश्न के आधार पर C की पुस्तकों में आवश्यक पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए।

24. एक कंपनी ने 1,00,000 रु. की मशीन, जिसमें 10,000 रु. का एक बॉयलर शामिल था, क्रय की। मशीन पर क्रमागत ह्रास पद्धति के आधार पर 10% प्रति वर्ष की दर से ह्रास काटा जाता है। तीसरे वर्ष के अंत में बॉयलर खराब हो गया और इसे 5,000 रु. में बेच दिया गया।

कंपनी की पुस्तकों में तीन वर्षों का मशीन खाता बनाइए।

**अथवा**

एक यंत्र 1 जनवरी, 1994 को 38,000 रु. में क्रय किया गया एवं 2,000 रु. इसकी स्थापना पर व्यय किए गए। दो वर्ष तक 10% वार्षिक दर से लागत मूल्य पर ह्रास लगाया जाता है। तीसरे वर्ष 12% वार्षिक दर पर घटती शेष पद्धति को अपनाने का निर्णय लिया।

तीन वर्ष का मशीन खाता बनाइए।

a2zsubjects.com
www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com
www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com
www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com

25. एक फर्म की निम्नलिखित सूचनाओं से साझेदारों के पूँजी खाते बनाइए, जब पूँजी स्थायी हो :

| विवरण | गुप्ता (रु.) | शर्मा (रु.) | वर्मा (रु.) |
|---|---|---|---|
| प्रारंभिक शेष (समा.) | 30,000 | 20,000 | 10,000 |
| अतिरिक्त पूँजी (1 जनवरी) | — | 10,000 | 5,000 |
| पूँजी पर ब्याज (5% की दर से) | 1,500 | 1,500 | 750 |
| साझेदारों का वेतन | — | 3,000 | 2,000 |
| साझेदारों का आहरण | 2,000 | 2,000 | 1,000 |
| आहरण पर ब्याज | 300 | 300 | 150 |
| लाभ का हिस्सा | 4,000 | 4,000 | 2,000 |

**अथवा**

उपर्युक्त विवरण के आधार पर साझेदारों का पूँजी खाता बनाइए, जब पूँजी परिवर्तनशील हो।

26. 31 दिसम्बर, 2011 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए एक साहित्य समिति के निम्नलिखित विवरण हैं :

प्राप्त चंदा : 1,100 रु., विनियोग पर ब्याज 380 रु., भाषण से आय 2,320 रु., किराया दिया 210 रु., फुटकर व्यय 100 रु., विज्ञापन व्यय 210 रु. तथा छपाई व्यय 125 रु.। समिति के पास नेशनल लाइब्रेरी के 1,000 रु. वाले दस, 4% ऋणपत्र हैं। 31 दिसम्बर को 80 रु. किराये के तथा 95 रु. छपाई के अदत्त हैं।

आय-व्यय खाता बनाइए।

**अथवा**

मॉडर्न क्लब का 31 दिसम्बर, 1998 को समाप्त होने वाले वर्ष का प्राप्ति-भुगतान खाता इस प्रकार है। निम्न सूचनाओं को ध्यान में रखते हुए क्लब का आय-व्यय खाता बनाइए :

| प्राप्तियाँ | | राशि (रु.) | भुगतान | राशि (रु.) |
|---|---|---|---|---|
| रोकड़ शेष (1-1-98) | | 640 | सामान्य व्यय | 150 |
| चंदा : | | | नाटक व्यय | 200 |
| 1997- | 50 | | समाचार-पत्र | 300 |
| 1998- | 850 | | वेतन | 500 |
| 1999- | 25 | 925 | दान | 50 |
| ड्रामा टिकिटों की बिक्री | | 355 | कर | 25 |
| दान | | 400 | बिजली खर्च | 325 |
| रद्दी पेपर की बिक्री | | 25 | रोकड़ शेष (31-12-1998) | 845 |
| पुराने फर्नीचर की बिक्री | | 50 | | |
| | | 2,395 | | 2,395 |

a2zsubjects.com
www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com

www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com
a2zsubjects.com

(i) क्लब के 300 सदस्य हैं, जो प्रत्येक 10 रु. वार्षिक चंदा देते हैं।

(ii) क्लब के पास 10,000 रु. का एक भवन और 2,000 रु. का उपस्कर है। भवन पर 5% की दर से ह्रास काटना है।

(iii) दान के लिए वचन प्राप्त है, परन्तु अभी मिला नहीं है 500 रु.।

27. R लिमिटेड ने 1000, प्रति 10 रु. वाले समता अंश जनता के लिए निर्गमित किए। आवेदन पर 2 रु. आबंटन पर 3 रु. तथा याचना पर 5 रु. माँगे गए थे। सभी राशियाँ यथासमय प्राप्त हो गईं। कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक पंजी प्रविष्टियाँ कीजिए।

अथवा

प्रति 10 रु. वाले (पूर्ण रूप में माँगे गए) 100 समता अंशों का, जिन पर 400 रु. चुकाए गए हैं, कम्पनी के संचालकों ने हरण कर लिया तथा उनमें से 40 अंशों का 300 रु. के भुगतान पर पुनर्निर्गमन कर दिया।

अंशों के हरण एवं पुनर्निर्गमन की पंजी प्रविष्टि कीजिए।

www.a2zsubjects.com
www.a2zsubjects.com
www.a2zsubjects.com
www.a2zsubjects.com
a2zsubjects.com a2zsubjects.com
www.a2zsubjects.com www.a2zsubjects.com